To Open A Women College

***27. SH. AMARJEET DHANDA (Julana):**

a) Whether it is a fact that there is a co-education college in Julana in which there are 240 seats for Arts stream and due to limited seats all the eligible candidates are not been able to get admission in said college as a result of which the students of Julana town and its adjacent villages have to go to other cities to get education;

b) Whether it is also a fact that a request has been sent by the Principal of above said college to the Government in increase the seats and to provide basic amenities in the said college; if so, the time by which the said request/demand is likely to be fulfilled by the Government ; and

c) Whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Women College in Julana town or in any of its adjacent village as the Panchayats are also ready to provide land for the said college togetherwith the time by which the abovesaid college is likely to be opened?

Reply of Mool Chand Sharma, Higher Education Minister, Haryana.

(a) There are 240 seats for Arts Stream and these are as per norms keeping in mind the teacher pupil ratio.

(b) Yes Sir, The demand for increasing 80 seats in Bachelor of Arts stream for the academic session 2023-24 was received and examined. Due to shortage of teaching staff, it has been deferred till the recruitment of adequate staff is done. Demand for basic amenities has been received in the headquarter and will be allowed as per budget availability, keeping in mind demands from other colleges.

(c) No, Sir.

एक महिला महाविद्यालय खोलना

*27. श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना)

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना में एक सह शिक्षा महाविद्यालय है जिसमें कला संकाय की 240 सीटें हैं तथा सीमित सीटें होने के कारण सभी पात्र अभ्यर्थी इस महाविद्यालय में दाखिला नहीं ले सकते हैं इसके परिणामस्वरूप जुलाना कस्बे तथा इसके साथ लगते गांवों के विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अन्य शहरों मे जाना पड़ता है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त महाविद्यालय में सीटें बढ़ाने तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उपरोक्त महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सरकार को अनुरोध भेजा गया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त अनुरोध/मांग को कब पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या जुलाना कस्बे में या इसके साथ लगते किसी गांव में एक महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं क्योंकि पंचायतें उक्त महाविद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के लिए तैयार हैं तथा उपरोक्त महाविद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है ?

मूलचंद शर्मा, उच्चतर शिक्षा मंत्री हरियाणा का उत्तर।

(क) महाविद्यालय में कला संकाय के लिए 240 सीटें हैं और ये शिक्षक–छात्र अनुपात को ध्यान में रखते हुए मानदंडों के अनुसार हैं।

(ख) हां श्रीमान जी, शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कला स्नातक संकाय में 80 सीटें बढ़ाने की मांग प्राप्त हुई थी तथा जिसका परीक्षण किया गया। शैक्षिक अम्ले की कमी के कारण इसे पर्याप्त अम्ले की भर्ती होने तक टाल दिया गया है। मुख्यालय में बुनियादी सुविधाओं की मांग प्राप्त हो चुकी है तथा बजट उपलब्धता के अनुसार अन्य महाविद्यालयों की मांगों को ध्यान में रखते हुए मान ली जाएगी।

(ग) नहीं, श्रीमान जी।